हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 13 अप्रैल 2026

06 शक्ति प्रदर्शन में कहीं दिखी पद की आस तो कहीं पार्टी...



09 नवागत कलेक्टर के लिए भी चुनौती साबित...





## खबर संक्षेप

### सागर के इतिहास की दूसरी महिला कलेक्टर होंगी प्रतिभा पाल

**सागर।** सागर की नवनियुक्त कलेक्टर प्रतिभा पाल का जन्म 15 अप्रैल 1988 को हुआ था। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2012 बैच की अधिकारी हैं और मध्य प्रदेश कैडर में तैनात हैं। उन्होंने बरेली स्थित एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय से कला में स्नातक और इतिहास में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। 2012 बैच की यह अफसर अपनी सख्त कार्यशैली के साथ-साथ अपनी संवेदनशीलता के लिए भी जानी जाती हैं। डिलीवरी के महज 11 दिन बाद ड्यूटी पर लौटने वाली प्रतिभा पाल जहां फाइलों के निपटारे में कड़क हैं, वहीं फुर्सत के पलों में कविताएं लिखने का शौक रखती हैं। सागर की नवनियुक्त कलेक्टर प्रतिभा पाल सागर की दूसरी महिला कलेक्टर होंगी। यह संयोग ही कहा जाएगा कि सागर की पहली महिला कलेक्टर प्रीति मैथिल नायक भी रीवा से सागर कलेक्टर के रूप में पदस्थ हुई थीं। प्रतिभा पाल सागर में 51वें कलेक्टर के रूप में कार्य करेंगी। उन्होंने एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से कला में स्नातक और इतिहास में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है।

### 25 अप्रैल तक "नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा आयोजित होगा

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक "नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा मनाया जाएगा। उक्त अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के संबंध में आम नागरिकों को जागरूक किया जाएगा तथा इसे एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग को इस पखवाड़े के आयोजन हेतु नोडल विभाग बनाया गया है। संबंधित समस्त विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला एवं विकासखंड स्तर पर कार्यक्रमों का गरिमापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करें।

### राज्य स्तरीय पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी खेलवृत्ति

**सागर।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग सागर द्वारा पात्र खिलाड़ियों से खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच मान्यता प्राप्त खेल संघों द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय तियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया हो, वे इस योजना के लिए पात्र होंगे। साथ ही, आवेदक की आयु 01 अप्रैल 2026 को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि पात्र खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश शासन के नियम के तहत खेलवृत्ति स्वीकृत की जाएगी। हालांकि, जिन खिलाड़ियों को इस योजना के अंतर्गत पूर्व में दो बार खेलवृत्ति प्राप्त हो चुकी है, वे इस बार पात्र नहीं होंगे। इच्छुक खिलाड़ी अपना आवेदन पत्र 31 मई 2026 तक कार्यालय जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, खेल परिसर सागर में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र, राज्य स्तरीय पदक प्राप्ति प्रमाण पत्र (अधिकृत प्रतियोगिता), जन्म प्रमाण पत्र या 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही, प्रतियोगिता में भाग लेने एवं पदक अर्जित करने के प्रमाण पत्र का सत्यापन संबंधित राज्य खेल संघ से कराना भी आवश्यक है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य जानकारी खेल परिसर कार्यालय सागर से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

---

**वर्तमान समय में पत्रकारिता का 'लोकधर्म' विषय पर हुआ विशिष्ट व्याख्यान**

# समय के सवालों और चुनौतियों से टकराना ही पत्रकारिता का सच्चा लोक धर्म है: राम बहादुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के संचार एवं पत्रकारिता विभाग के तत्त्वावधान में 'वर्तमान समय में पत्रकारिता का लोक धर्म' विषय पर विश्वविद्यालय के रंगनाथन सभागार में एक विशेष व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में देश के प्रख्यात वरिष्ठ पत्रकार, पद्म भूषण एवं पद्मश्री से सम्मानित राम बहादुर राय मुख्य अतिथि एवं सारस्वत अतिथि प्रख्यात समाजवादी चिन्तक रघु ठाकुर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी कुलसचिव सतीश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं डॉ. गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। मंचासीन अतिथियों एवं वक्ताओं का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत किया गया।

स्वागत भाषण देते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. कालीनाथ झा ने कहा कि इतने बड़े व्यक्तित्व से ज्ञान पाना हम सबके लिए गौरव की बात है। जो न केवल हमारा मार्ग प्रशस्त करेंगे बल्कि सदैव प्रेरणा भी देंगे। कार्यक्रम परिचय देते हुए डॉ. विवेक जायसवाल ने इसकी रूपरेखा और विषय पर गहराई से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। इसके लोकधर्म का बचा रहना बहुत जरूरी है। क्योंकि बिना इसके विकसित और समृद्ध भारत की संकल्पना अधूरी है। प्रभारी कुलसचिव सतीश कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि पत्रकारिता का धर्म सच को सामने लाना है फिर परिस्थितियां चाहे कितनी भी



विपरीत क्यों न हो। कई बार मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से चलाई गई खबरें समाज और राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध हो जाती है जो सिर्फ अनुमान पर आधारित होती है। इससे भ्रामक सूचना का जाल फैलता है।

प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं गांधीवादी विचारक एवं कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि रघु ठाकुर ने कहा कि कॉर्पोरेट मीडिया ने अपने प्रचार की ताकत का दुरूपयोग करते हुए जनमत को गलत तरह से प्रभावित किया। आज पत्रकारों की आर्थिक सुरक्षा एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने है। मजीठिया बोर्ड लागू न होना विचारणीय प्रश्न है। पत्रकारिता में आज भी महात्मा गांधी के विचार ओर उनकी पत्रकारिता आदर्श मानक है। जो जनहित के साथ जनभाषा की पत्रकारिता भी है।

पद्मभूषण एवं पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर अपनी बात रखते हुए कहा कि जब मैं संविधान की अनकही कहानी को एक किताब की शक्ल देने के लिए अध्ययन कर रहा था तब उसमें डॉ. गौर की बड़ी ही महती भूमिका सामने आती है। ऐसी महान विभूति के नाम से स्थापित इस विश्वविद्यालय और शहर में आना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य के बाहर की दुनिया का जो अस्तित्व है वह लोक है। अपने समय के सबसे बड़े सवाल एवं चुनौती से टकराना ही पत्रकारिता का असल लोक धर्म है। भारत की पत्रकारिता आज एक गहरे भंवर में है। जिसे मीडिया नियमन और जनमत से ही बाहर निकाला जा सकता है। वर्तमान में पत्रकारों से ज्यादा पत्रकारिता संस्थान भ्रष्ट हो गए है। जिससे समाज में पत्रकारों की छवि लगातार गिर रही है। वहीं 90 के दशक में संपादक नाम की संस्था को कमजोर करना शुरू कर दिया गया था। जो अब आम बात हो चली है। अब संपादक को प्रबंधक का रूप देकर बदल दिया गया है जो लगातार इसके मूल्यों को गिरा रहा है। प्रेस काउंसिल प्रिंट मीडिया तक ही सीमित है। जिसके पास अपनी कोई ताकत भी नहीं है। तकनीक के साथ लगातार मीडिया का विस्तार हो रहा है। ऐसे समय में मीडिया काउंसिल की आवश्यकता है, जो मीडिया के स्तर को बनाए रखने के लिए नियमन तय कर सके। हालांकि इसको बनाने के लिए वर्षों से प्रयास किये जा रहे हैं लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति में कमी और सरकार एवं मीडिया घरानों के बीच साठगांठ होने से यह अमल में नहीं लाया जा सका। पत्रकारिता के छात्रों को भारतीय पत्रकारिता के इतिहास को जरूर जानना चाहिए जो करीब 250 साल का है। जिसमें हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पूरे हो रहे है। यह हम सबके लिए आदर्श मानक के साथ प्रेरणा का भी काम करेगा। उन्होंने कहा कि आजादी से पूर्व महात्मा गांधी के अलावा माधव राव सप्रे भी महान शख्सियत थे। जिन्होंने भारतीय भाषाई पत्रकारिता पर जोर दिया। जिसे अंग्रेजी हुकूमत ने राजद्रोह माना। 1947 के बाद से 1965 तक क्षेत्रीय भाषाओं में अखबारों का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। तो वहीं 70 के दशक में पत्रकारिता को राजनीतिक संघर्ष का भी सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि मोरारजी देसाई ने प्रथम प्रेस आयोग की स्थापना की। फिर इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसका पुनर्गठन किया गया। इसकी सिफारिश पर ही प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया एवं प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो जैसी प्रमुख संस्थाएं स्थापित हुई। कुलपति प्रो. यशवन्त सिंह ठाकुर ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि मीडिया ट्रायल लोकतंत्र और समाज के लिए खतरनाक है। यह मीडिया की ताकत का दुरूपयोग करने जैसा है।

---



## तहसील गढ़ाकोटा के द्वारा तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

आगामी जनगणना 2027 की तैयारी के मद्देनजर शासकीय पीजी कॉलेज गढ़ाकोटा में आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। 10 से 12 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को मकान सूचीकरण और हेलो एप के तकनीकी उपयोग का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान फील्ड ट्रेनर मनीष वर्मा, यशपाल पटेल और हरगोविंद साहू ने 50 प्रतिभागियों के बैच को डिजिटल माध्यम से डाटा दर्ज करने की बारीकियां समझायीं। इस दौरान जनगणना प्रभारी लिपिक संजीव कुमार सेन और तकनीकी सहायक प्रियंका कपूर ने तकनीकी पहलुओं और प्रशासनिक समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से बताया गया कि कैसे मोबाइल ऐप के जरिए मकान की नंबरिंग और सूचीकरण का कार्य सटीकता से के साथ पूरा करना है।

### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

प्रशिक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने सत्र का जायजा लिया। एसडीएम कुलदीप पाराशर, तहसीलदार महेश दुबे और नायब तहसीलदार सुशील खरे ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष जतायावहीं दूसरी ओर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती ने सभी प्रशिक्षणार्थियों की समुचित व्यवस्थापन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। रहली एसडीएम कुलदीप पाराशर ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्र के विकास की रूपरेखा तय करने वाला महत्वपूर्ण कार्य है इसलिए डाटा संकलन में पूरी सावधानी और शुद्धता बरती जाना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भारती ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और इस राष्ट्रीय कार्य में अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाने के लिए प्रेरित किया।

---



## महापौर ने संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा का अनावरण एवं सेन चौराहे का नामकरण किया

**सागर।** नगर निगम सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा शहर के एम एल बी स्कूल के पास के समीप स्थापित संत शिरोमणि सेन महाराज की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र का नामकरण सेन चौराहा के रूप में किया गया, जिससे क्षेत्र को एक नई पहचान प्राप्त हुई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की मांग बहुत लंबे समय से की जा रही थी जिसको एम आई सी एवं निगम परिषद ने पूर्ण किया। महापौर ने कहा कि संत शिरोमणि सेन महाराज का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने अपने जीवन में सेवा, समर्पण एवं भक्ति का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज को सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि सेन महाराज केवल एक सच्चे भक्त ही नहीं थे, बल्कि उन्होंने सदैव मानव कल्याण के लिए कार्य किया और समाज में प्रेम, सद्भाव एवं समानता का संदेश दिया। महापौर ने कहा कि ऐसे महान संतों की स्मृति को सहेजना एवं उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रतिमा स्थापना चौराहे का नामकरण इसी दिशा में एक महत्व पूर्ण कदम है, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सकेंगी।

---

# खुरई में घर के डबल-बेड में मिली महिला डांसर की अर्धनग्न लाश

### 10 दिन बाद बच्चे गंजबासौदा से लौटे, ताला तोड़ने के बाद घटना का पता चला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई में घर के डबल बेड के अंदर 45 वर्षीय महिला डांसर का अर्धनग्न शव मिला है। घटना का पता तब चला, जब गंजबासौदा से उसके बच्चे पहुंचे। उन्होंने देखा कि घर बाहर से बंद है, वे ताला तोड़कर अंदर गए तो बदबू आ रही थी। जब बेड खोला तो अंदर मां का शव पड़ा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। घटना खुरई थाना क्षेत्र के सहोदरा राय वार्ड की है। मृतक की पहचान ममता अहिरवार के रूप में हुई। बेटे देव और बेटी मुस्कान ने बताया कि बेड से खून बह रहा था।



वह पूरे कमरे में फैल गया था। शव में भी कीड़े पड़ चुके थे।

### 5 अप्रैल को हुई थी आखिरी बात

बच्चों के अनुसार, ममता अहिरवार शादी-ब्याह और करीला मेले जैसे कार्यक्रमों में अपने ग्रुप के साथ डांस करके परिवार का गुजारा करती थीं। बच्चों की अपनी मां से आखिरी बार 5 अप्रैल को फोन पर बात हुई थी, तब ममता ने बताया था कि वह बीना रिफाइनरी के गेट नंबर 3 के पास एक प्रोग्राम में हैं। उसके बाद से उनका मोबाइल बंद हो गया। शनिवार दोपहर को ही बेटे ने थाने में मां की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

### गला दबाकर हत्या की आशंका

घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने बताया कि शव काफी हद तक सड़ चुका है। शुरुआती जांच में शरीर पर बाहरी चोट के निशान नजर नहीं आए हैं, जिससे अंदेशा है कि महिला की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने फिलहाल हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### जांच में जुटी एफएसएल टीम, घर किया गया सील

पुलिस ने घटना स्थल को पूरी तरह से सील कर दिया है ताकि साक्ष्यों के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। सागर से एफएसएल की टीम को बुलाया गया है, जो मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य और फिंगरप्रिंट्स एकत्र करेगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा होगा।

---



## टीईटी परीक्षा का विरोध, शिक्षकों ने दिया ज्ञापन 5 साल की सेवा के बाद परीक्षा लेने का विरोध

**खुरई।** खुरई, मालथौन, और बीना में शनिवार को शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। शिक्षकों ने अलग-अलग स्थानों पर रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश को तुरंत निरस्त करने की मांग की। खुरई तहसील परिसर में शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया। शिक्षकों का तर्क है कि 2005 से पहले उनकी भर्ती तत्कालीन पंचायत नीतियों और मापदंडों के आधार पर हुई थी। शिक्षक वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि रिटायरमेंट की उम्र में परीक्षा लेना न्यायसंगत नहीं है, जबकि समय-समय पर उन्हें विभागीय प्रशिक्षण भी दिया जाता रहा है।मालथौन ब्लॉक के शिक्षकों ने उत्कृष्ट विद्यालय परिसर से तहसील कार्यालय तक रैली निकाली। तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों ने मांग की है कि सरकार सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों के पक्ष में पुनर्विचार याचिका दायर करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्रता परीक्षा का यह आदेश शिक्षकों में मानसिक असुरक्षा पैदा कर रहा है। शिक्षक देवेंद्र भोजक और अन्य पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि यह आदेश वापस नहीं लिया गया, तो 18 अप्रैल को प्रदेश भर के लाखों शिक्षक भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। शिक्षकों का कहना है कि वे किसी भी हाल में पद से हटाए जाने या इस उम्र में परीक्षा देने की शर्त को स्वीकार नहीं करेंगे।

---

**धरने के तीसरे दिन नपा अध्यक्ष सहित महिलाओं ने मोर्चा संभाला**

# जन सहभागिता सामाजिक जागरूकता का प्रतिबिंब: राजेश मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी नगर के झुनकू वार्ड में जन सहयोग से चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्यो को रोके जाने का मामला अब तूल पकड़ रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर बिना जांच प्रशासन की बुल्डोजर कार्रवाई के विरोध में धरना प्रदर्शन जारी है। धरने के तीसरे दिन देवरी नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति नेहा अलकेश जैन लगभग 1 सैकड़ा महिलाओं के साथ धरने पर बैठी और मुख्यमंत्री महोदय से

### मामले में कार्रवाई की मांग की

विदित हो कि विगत 4 अप्रैल को स्थानीय प्रशासन द्वारा देवरी नगर के झुनकू वार्ड मुक्तिधाम में जनसहयोग से निर्मित हो रहे अस्थित संचय कक्ष, लकड़ी भंडार गृह, गार्ड रूम सहित भगवान आदियोगी स्मारक का फाउन्डेशन अतिक्रमण बताकर जेसीबी से तोड़ दिया था। प्रशासन द्वारा कार्रवाई के बाद शमशान प्रायोजन की भूमि पर बिना अनुमति निर्माण को लेकर जनभागीदारी से सौन्दर्यीकरण कार्य कर रही समिति को नोटिस जारी किया गया था। प्रशासन द्वारा बिना जांच



की गई इस अप्रत्याशित कार्रवाई के विरोध में नागरिक आंदोलित है। मामले को लेकर पूर्व में मौन जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री के नाम 4 सूत्रीय ज्ञापन भी सौपा गया था। अब मामले में अपनी मांगों के समर्थन में मुक्तिधाम की जनभागीदारी समिति एवं नागरिकों ने स्थानीय नगरपालिका चौराहे पर धरना आरंभ कर दिया है। धरने के तीसरे दिन नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन ने लगभग 1 सैकड़ा महिलाओं के साथ धरना दिया और मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से हस्तक्षेप की मांग की। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश मोहन चौधरी ने कहा कि किसी भी समाज में जन सहभागिता उस समाज की जागरूकता का प्रतिबिंब है। देवरी नगर और क्षेत्र का इतिहास सामाजिक चेतना और देश के लिए बलिदान से भरा हुआ है। आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक देवरी नगर ने सदा आदर्श प्रस्तुत किया है।उन्होने कहा कि सरकार की योजनायें और जन कल्याण के सभी कार्यक्रम जन भागीदारी पर आधारित है। जनसहयोग के बिना उनकी सफलता सभव नही है। शासकीय योजनाओं के साथ-साथ आपदा के क्षणों में भी जनता ही सरकार को सहारा देती है। कोरोना के संकट में भी समाजसेवियों और आम जन ने जो जनसहभागिता की उसे भुलाया नही जा सकता। उन्होने कहा कि ये आश्चर्यजनक है कि प्रशासन स्वयं जनभागीदारी के सकारात्मक संदेश को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। सामुदायिक हित से जुड़े ऐसे मामलों में गंदी राजनीति तत्काल बंद होनी चाहिए। कार्यक्रम में नरेश सौधिया, संजय वर्मा, सुदामा कनकने, वीरेन्द्र जिजौतिया, जगत ठाकुर, संजय घोरपड़े, नर्मदा वाल्मीकी, कश्यप बौहरे, जिनेन्द्र कोष्टी, ज्ञानी कोष्टी, राजेश चौरसिया, किशन लखेरा, अखलेश नामदेव, आलोक नामदेव, राजा गुप्ता, प्रेमचंद कोष्टी, प्रेमलाल कोष्टी, बबलू पाल, अलकेश जैन, शिवा नामदेव, वैभव खत्री, बाबा चौरसिया सहित लगभग 150 व्यक्ति धरने पर बैठे। और मामले में शासन से हस्तक्षेप की मांग की।

---




## शहर कांग्रेस ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को की पुष्पांजलि अर्पित, उनके व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में अध्यक्ष महेश जाटव की नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर अटल पार्क पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की । इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि उन्होंने जो जीवन जिया आज के दौर में कोई भी व्यक्ति नहीं जी सकता। आज हम प्रतिमा के समक्ष नहीं बल्कि आस्था के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर रहे हैं। महेश जाटव ने कहा कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर संघर्ष समर्पण, सादगी, जन सेवा, सामाजिक चेतना की मिसाल थे जिसकी हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं मुख्यमंत्री रहते हर वर्ग के उद्धार के लिए वह आगे आए। महेश जाटव ने कहा कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर ने बता दिया कि इतिहास संघर्ष करने वालों का लिखा जाता है। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि आज अगर कोई सरपंच भी बन जाए तो फॉर्च्यूनर में घूमता है। वहीं महापुरुष आदरणीय कर्पूरी ठाकुर जी थे जो मुख्यमंत्री जैसे पदों पर रहने के बाद भी घास फूस के झोंपड़े में जीवन व्यतीत करते थे। इस अवसर पर रामकुमार पचौरी, आशीष ज्योतिषी, प्रदीप गुप्ता, रमाकांत यादव, सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, राहुल चौबे, आनंद हेला, संदीप सबलोक, कमलेश तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, हेमराज रजक, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू, समीर खान, हेमकुमारी पटेल, किरण लता सोनी मोजूद थे।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का दौरा एक, लेकिन कहानी अनेक, जिला प्रभारी ने अपने अंदाज में बताई हकीकत

# शक्ति प्रदर्शन में कहीं दिखी पद की आस तो कहीं पार्टी में वापसी की बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



कुछ दिन पूर्व ही जिले में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का पहला दौरा कार्यक्रम आयोजित हुआ था। हालांकि किसी प्रदेश स्तरीय नेता का जिला दौरा होना कोई नई बात नहीं है लेकिन इस दौरे की बात थोड़ी अलग है। क्योंकि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल का जिले का पहला दौरा अपने पीछे कई कहानियां छोड़ गया। क्योंकि अभी जिले का राजनैतिक परिदृश्य ही कुछ ऐसा है। जहां एक तरफ नगर पालिका का बवंडर है तो दूसरी तरफ नए नपा अध्यक्ष की दावेदारी का शक्ति प्रदर्शन भी हो रहा।

वहीं एक तरफ काफी लंबे अरसे से भाजपा पार्टी से निष्कासित चल रहे एक पूर्व विधायक भाजपा में अपनी पुनः वापसी को लेकर बेचैन हैं तो दूसरी तरफ दूसरे पूर्व विधायक इस वापसी को किसी भी तरह रोकने के लिए प्रयासरत हैं। इस वापसी में मुख्य केंद्र में पूर्व मुख्यमंत्री न चाहते हुये भी दोनों पक्षों द्वारा लें आई गई है। क्योंकि दौरे के पूर्व ही निष्कासित विधायक ने पूर्व सीएम से मुलाक़ात भी की थी। जिससे ये मामला हाईप्रोफ़ाइल हो गया है। लेकिन भाजपा की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अलग बयान देकर मामले को दूसरी तरफ मोड दिया गया। वहीं एक तरफ भाजपा के जिला प्रभारी से निष्कासित विधायक की दोस्ती के चलते उन्हें प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करने का मौका तो मिला लेकिन वो बात नहीं बन पाई जिसकी उन्हें आशा थी। वहीं दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा हांथ ठेले वालों को न्याय दिलाने जाने पर ये मामला राष्ट्रीय स्तर पर छा जाने से पूर्व मुख्यमंत्री पुनः राजनीतिक क्षेत्र की चर्चाओं के केंद्र में आ गई हैं। जिसका असर भी प्रदेशाध्यक्ष दौरे में भी देखने को मिला है। कुल मिलाकर प्रदेशाध्यक्ष का एक दौरा अपने पीछे कई कहानियों का बाजार गर्म करके गया है। हालांकि उक्त संबंध में ज़ब भाजपा पदाधिकारियों से बात करके उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली। लेकिन भाजपा पार्टी पदाधिकारियों द्वारा दवी जुबान में चाटखारे लेकर चर्चा जरूर की जा रही है।

#### एक किस्सा दो पूर्व विधायक, एक जिला प्रभारी व पूर्व सीएम और वापसी का

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के आगमन पर अलग अलग किये जा रहे स्वागत के दौरान निष्कासित विधायक केके श्रीवास्तव द्वारा भी प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया जाता है। जो चुनाव में पार्टी का विरोध करने के चलते निष्कासित होने पर भाजपा में पुनः वापसी को लेकर बेचैन दिख रहे हैं। लेकिन इनकी भाजपा में वापसी का योग नहीं बन पा रहा। इस वापसी की कहानी की पटकथा इस आगमन कार्यक्रम से कुछ दिन पूर्व तब लिखी जाती है ज़ब निष्कासित विधायक केके श्रीवास्तव द्वारा पूर्व सीएम नेत्री उमाभारती से लगभग 2 घंटे की मुलाक़ात कर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। इसके बाद निष्कासित विधायक केके द्वारा जिला प्रभारी पुष्पेंद्रनाथ गुड्डन पाठक से अपनी दोस्ती के चलते मदद लेकर प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया जाता है। तब पूर्व विधायक राकेश गिरी एक्टिव होते है क्योंकि केके के रूप में उन्हें प्रतिद्वन्दी मिल रहा था। फिर प्रदेशाध्यक्ष ज़ब उमा भारती से बंगले पर मिलने जाते है तो खबर उड़ाई जाती है कि केके श्रीवास्तव की वापिसी पर अभी विराम लग गया है। अब अंदर की बात बाहर कौन लाया, ये सवाल अलग है। लेकिन दूसरा पक्ष कहता है कि उमा जी से मुलाक़ात के दौरान ऐसी कोई बात नहीं हुई। इसके बाद भाजपा की बैठक में भी केके श्रीवास्तव की वापसी को लेकर चर्चा होने पर प्रदेशाध्यक्ष कहते है कि दूसरों पर पार्टी विरोध का आरोप लगाने पर यह याद रखना चाहिए कि पार्टी के लिये स्वयं ने क्या किया। हालांकि अभी वापसी का कोई निर्णय नहीं होना है क्योंकि यह मामला संगठन स्तर पर देखा जायेगा। लेकिन इसके बाद भी उक्त बापिसी की कहानी खत्म नहीं होती। इसमें आग तब लगती है ज़ब निष्कासित विधायक केके श्रीवास्तव के छोटे भाई शिवकुमार श्रीवास्तव अपने बच्चो और निष्कासित विधायक केके के पुत्र के साथ उमा भारती से मिलने जाते और इस मुलाक़ात की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होती है।

#### इनका कहना है

स्वागत का शक्तिप्रदर्शन मेरे कहने पर ही किया गया। इसमें कोई अन्यथा की बात नहीं है। क्योंकि राजनीति में जनाधार की शक्ति दिखाना ही आगे बढ़ने की एकमात्र सीढ़ी होती है। इसलिए मैंने ही कहा था कि अगर जनाधार है तो दिखाइए।

**पुष्पेंद्रनाथ गुड्डन पाठक, जिला प्रभारी भाजपा**

#### अलग-अलग गुटों में स्वागत से शुरू हुई दौरे की कहानियां


ज़ब प्रदेशाध्यक्ष का नगर में आगमन हुआ तो सबसे पहले स्वागत उन इंजिनियर अभय यादव द्वारा किया गया जिन्हे राजनैतिक चर्चाओ में मुख्यमंत्री का खास माना जाता है। हालांकि हकीकत चाहे जो हो लेकिन चर्चाओं में दावे तो यही किए जाते हैं। इसके बाद उन आशान्वित नेताओं ज्ञानेंद्र सिंह, अंकित तिवारी, शिवम रिछारिया, मेडी राय, संकल्प जैन, जाहिद खान जैसे कुछ अन्य दावेदारों द्वारा स्वागत किया गया जो युवा मोर्चा के दावेदार माने जा रहे हैं। फिर ज़ब प्रदेशाध्यक्ष का काफिला कुछ दूर आगे चला तो पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कई बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर अल्हदा स्वागत कर अपना शक्ति प्रदर्शन किया। इसके बाद नपाध्यक्ष पद के दावेदारों का अलग अलग स्वागत दिखाई दिया। जिसमें पहले नगर पालिका नेताप्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू ने स्वागत किया जिसमें उनके साथ कई पार्षद भी दिखाई दिए। शायद यह शक्ति प्रदर्शन नगर पालिका अध्यक्ष पद की मजबूत दावेदारी को ध्यान में रखकर किया गया। इसके बाद कुछ दूरी पर इंतजाररत नपाध्यक्ष पद के दूसरे दावेदार राजीव वर्धमान द्वारा कुछ पार्षदो के साथ प्रदेशाध्यक्ष का अलग स्वागत किया गया। इसके बाद भाजपा कार्यालय के द्वार पर बो पार्षद रामकुमार यादव स्वागत करते हुये दिखे जोबकुछ समय पूर्व ही कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुये और जिन्हे भाजपा कांग्रेस दोनों पार्टियों में बराबरी से अक्सर देखा जाता है। लेकिन ये भी नपाध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे हैं। इनके साथ भी कुछ ऐसे पार्षद साथ थे जो कांग्रेस से भाजपा में आए।

### चार दिन से नहीं हुई बात, टावर पर चढ़कर प्रेमी को पुकारती रही युवती

# हाई वोल्टेज ड्रामाः प्रेमी से नाराज युवती चढ़ी मोबाइल टावर पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के बैरवार गांव में रविवार सुबह इश्क का एक हैरतअंगेज नजारा देखने को मिला, जब प्रेमी से नाराज एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई और घंटों तक उसे आवाज लगाती रही। इस घटनाक्रम ने गांव में सनसनी फैला दी और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार, युवती का अपने प्रेमी से पिछले चार दिनों से बातचीत बंद थी। इसी बात से आहत होकर वह सुबह करीब 5 बजे गांव के मोबाइल टावर पर चढ़ गई और जोर-जोर से अपने प्रेमी का नाम लेकर पुकारने लगी। घटना की सूचना मिलते ही जतारा पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। करीब चार घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के दौरान प्रशासन लगातार युवती को समझाने का प्रयास करता रहा। गांव के बृजेंद्र यादव के मुताबिक, दोनों के बीच प्रेम संबंध है और वे शादी करना चाहते हैं, लेकिन अलग-अलग जाति के होने के कारण सामाजिक बाधाएं सामने आ रही हैं। इसी तनाव के चलते युवती ने यह कदम उठाया। आखिरकार प्रशासन के आश्वासन और प्रेमी के मौके पर पहुंचने के बाद युवती को समझाकर सुरक्षित नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस दोनों को जतारा थाने ले गई, जहां उन्हें समझाइश दी जा रही है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बनते हुए एक बार फिर सामाजिक बंधनों और युवाओं की भावनात्मक स्थितियों को उजागर कर दिया है।

### बिना दस्तावेज नहीं बनेगी प्रवेश पर्ची, नए नियम लागू, किसानों से की अपील

# कृषि मंडी में अब आधार लिंक मोबाइल नंबर हुए अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कृषि उपज मंडी समिति द्वारा किसानों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नए आदेश के अनुसार अब मंडी में फसल विक्रय हेतु आने वाले किसानों के लिए आधार कार्ड और उससे लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य कर दिया गया है। बिना इन दस्तावेजों के मंडी में प्रवेश पर्ची जारी नहीं की जाएगी।

**व्यवस्था 11 अप्रैल से प्रभावी**

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति टीकमगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह व्यवस्था 11 अप्रैल से प्रभावी कर दी गई है। निर्देशानुसार किसानों को अपनी फसल लेकर मंडी आने के दौरान आधार कार्ड अवश्य साथ लाना होगा और वहीं मोबाइल नंबर उपयोग करना होगा, जो आधार से लिंक है। मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश पर्ची अब आधार कार्ड के माध्यम से ही बनाई जाएगी, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित हो सके। यदि किसान बिना आधार कार्ड या बिना लिंक मोबाइल नंबर के मंडी पहुंचते हैं, तो उन्हें उपज विक्रय में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। मंडी समिति ने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ ही मंडी आएं, ताकि किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य मंडी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाना, किसानों की पहचान सुनिश्चित करना और फर्जी लेन-देन पर रोक लगाना है।

# कलेक्टर ने किया पुस्तक मेले का शुभारंभ, उमड़ा जनसमूह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के पुष्पा स्कूल में पुस्तक मेले का शुभारंभ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। पूरा विद्यालय परिसर ज्ञान, उत्सुकता और नई सीख की ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि पुस्तकें ही सच्चे ज्ञान का आधार होती हैं और पढ़ने की आदत ही जीवन में सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से दूर रहकर किताबों से जुड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन से ही व्यक्तित्व का समग्र विकास संभव है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हनुमत सिंह चौहान एवं डीपीसी परशुराम त्रिपाठी ने भी छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले जैसे आयोजन विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि विकसित करते हैं और शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुस्तक मेले में साहित्य, विज्ञान, इतिहास और सामान्य ज्ञान से संबंधित विभिन्न पुस्तकों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ पुस्तकों का अवलोकन किया और नई-नई जानकारियां प्राप्त कीं।

# बल्देवगढ़ प्रभारी ने पकड़ा 10 वर्षों से फरार इनामी आरोपी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पूर्व में देरी चौकी प्रभारी रहे चंदन शाक्य की, अपराधियों पर तेजी से अंकुश लगाने की हुनर को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने इन्हे कुछ दिन पूर्व ही बल्देवगढ़ थाने का प्रभारी बनाया था। क्योंकि पूर्व प्रभारी प्रीति भार्गव को पलेरा थाना प्रभारी बना दिए जाने की वजह से बल्देवगढ़ थाना रिक्त हो गया था। बल्देवगढ़ थाने के नवागत थाना प्रभारी चंदन शाक्य ने भी एसपी मंडलोई की उम्मीदों पर खरा उतरने के प्रयासों के चलते प्रारंभ में ही अपना अनुभवी हुनर दिखाते हुये बड़ी सफलता हासिल की है। जिले में फरार एवं इनामी अपराधियों के खिलाफ एसपी मंडलोई द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बलदेवगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 10 वर्षों से फरार चल रहे 3 हजार रूपये के इनामी आरोपी सहित कुल दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिलेभर में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने एवं तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए गए हैं। उक्त कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। थाना बलदेवगढ़ प्रभारी उप निरीक्षक चंदन शाक्य के नेतृत्व में गठित टीम ने एक प्रकरण में वांछित आरोपी चिन्नू उर्फ हरिराम रैकवार, निवासी तमौरा को टीकमगढ़ से गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी पर 3 हजार रूपये का इनाम घोषित था और वह पिछले एक दशक से फरार चल रहा था। इसी दौरान पुलिस ने बाल न्यायालय टीकमगढ़ के एक प्रकरण में एक विधि विरुद्ध बालक के स्थाई गिरफ्तारी वारंट का भी सफलतापूर्वक निष्पादन किया और उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### शांति समिति बैठक में कानून व्यवस्था पर फोकस

# नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पलेरा थाना परिसर में नव नियुक्त थाना प्रभारी प्रीति भार्गव द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों, डीजे संचालकों, सरपंचों एवं पत्रकारों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान नवागत थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने डीजे संचालकों को निर्देश दिए कि निर्धारित ध्वनि सीमा के भीतर ही डीजे का संचालन करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही नगर में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं संभावित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने उपस्थित नागरिकों से सुझाव भी लिए और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। आगामी अंबेडकर जयंती को लेकर भी बैठक में विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सफल बनाने के लिए सभी समाजों के प्रतिनिधियों से समन्वय और सहयोग का आह्वान किया गया। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंगया, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष सुनील खटीक, मंडल अध्यक्ष राजेश नायक, विधायक प्रतिनिधि विनोद वर्मा, पार्षद अभय मोर, संजू बाबा, जनभागीदारी समिति के सदस्य, मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि, अंबेडकर जयंती समिति के सदस्य, सरपंच एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

### विधायक की मौजूदगी में चेक वितरण, योजनाओं की दी जानकारी

# बाबा साहेब जयंती पर हुआ हितग्राही सम्मेलन, योजनाओं का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा




भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत पलेरा में ब्लॉक स्तरीय हितग्राही सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जतारा विधानसभा के विधायक हरिशंकर खटीक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सम्मेलन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए हितग्राहियों को जागरूक किया। तहसीलदार कुलदीप सिंह ने किसान सम्मान निधि सहित राजस्व विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं जनपद पंचायत के सीईओ अरबिंद बोरकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, संबल योजना एवं दिव्यांगजन कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हरिशंकर खटीक ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक और संवैधानिक योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश को समानता और न्याय का मार्ग दिखाया, जिसे आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आमजन से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

### जिलाध्यक्ष ने हितग्राही संपर्क, स्वच्छता अभियान व सम्मान कार्यक्रम में लिया भाग

# गांव-बस्ती चलो अभियान में सक्रियता व जन चौपाल में गिनाईं योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत जिलेभर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंपर्क एवं जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर हितग्राही संपर्क, स्वच्छता कार्यक्रम एवं जन चौपाल में भाग लेते हुए केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई।

भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि जिलाध्यक्ष राजपूत ने नगर के विश्वनाथ चौराहा वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद बृजकिशोर तिवारी एवं मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित स्वच्छता एवं हितग्राही सम्मान कार्यक्रम में सहभागिता की। इसके अलावा मवई एवं लार मजना पंचायत में मंडल अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में आयोजित स्वच्छता अभियान एवं जन चौपाल में भी उन्होंने मुख्य रूप से भाग लिया। कार्यक्रमों के दौरान जिलाध्यक्ष राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य कर रही है, जिसका उद्देश्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसे विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए योजनाएं प्रभावी साबित हो रही हैं। उन्होंने किसानों के लिए किसान सम्मान निधि को लाभकारी बताते हुए कहा कि वर्तमान वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

वहीं युवाओं के लिए योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के अवसर बढ़े हैं। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि जिले में विकास कार्यों को गति देने के लिए वे प्रदेश स्तर पर निरंतर प्रयास करेंगी तथा संगठन में छोटे कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शहर की कस्बाई सूरत में बदलाव होगा या बनेंगे नए नए प्लान

# नवागत कलेक्टर के लिए भी चुनौती साबित होगा शहर की सूरत संवारना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा ने प्रभार ग्रहण कर लिया है। उनके कंधों पर ऐसे जिले को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी है जो कहने को तो जिला है लेकिन उसके मुख्यालय की सूरत गांव देहात से अधिक उजली नहीं है। शहर की कस्बाई सूरत का शहरीकरण करना और उसे विकसित शहर बनाना नवागत कलेक्टर के लिए चुनौती रहेगा। हालांकि इस दिशा में पूर्व में भी कई बार प्रयास किए गए हैं लेकिन यह प्रयास सिर्फ कार्य योजना बनाने तक सीमित रहे उन्हें धरातल पर उतारने में रुचि नहीं ली गई। अगर नवागत कलेक्टर उक्त प्रयासों को जमीन पर उतरने में सफल होती हैं तो वह जिले की सबसे अधिक सफल कलेक्टर साबित भी होंगी इसमें भी कोई दो राय नहीं है।

एनएचआई द्वारा शिवपुरी रोड और पाली रोड पर नई सड़क बना देने और लाइटिंग लगाकर उसे ऐसा चमकाया है जैसे जिला मुख्यालय कोई महानगर जैसा शहर हो। बाहर से आने वाले यात्री इस चकाचौंध से प्रभावित हुए बिना नहीं रहते जो यात्री बाय पास होते हुए शहर के बाहर से निकल जाते हैं वह तो इसी भ्रम में रहते हैं कि श्योपुर महानगर जैसा शहर है लेकिन जो लोग शहर में प्रवेश कर जाते हैं वह दोबारा शहर में आने के लिए सोचते भी नहीं हैं। क्योंकि शहर की लचर यातायात व्यवस्था और अव्यवस्थित बसाहट लोगों का बाजार में ठहरने और निकलना दुश्वार कर देती है इस अव्यवस्था को सुधारने के लिए अभी तक खास कदम नहीं उठाए गए अलबत्ता ज्ञानेश्वर बी पाटील ने सकारात्मक कदम उठाए लेकिन इसके बाद कभी किसी कलेक्टर ने खास काम नहीं किया। जिला यातायात समिति में प्लानिंग तो खूब बनी पर वह जमीन पर उतर नहीं सकी।

#### चाट चौपाटी हॉकर्स जॉन और पार्किंग विकसित करना

शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने और हाथ ठेलो गुमटियों के बाजार में सड़कों पर लगे होने के कारण हो रही है। इससे भी बुरी हालत तो दुकानों के आगे आधे सड़क तक बाईकें खड़ी हो जाने से हो रही है इसके लिए जिला यातायात समिति ने चाट चौपाटी, पार्किंग और होकर जॉन विकसित करने की योजना बनाई थी चाट चौपाटी के लिए नगर पालिका को फंड मिल चुका है, हॉकर्स जॉन बनकर तैयार है उनमें हाथ ठेले वाले फल व्यवसाई चाट वाले शिफ्ट कराए जाने हैं। पार्किंग स्थल चिन्हित कर लिए गए हैं जहां पर पेड पार्किंग बनाकर सड़क पर से यातायात का भार कम किया जा सकता है।

#### आंतरिक बाईपास बने तो हो समस्या हल

शहर की लचर यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जिला स्तरीय समिति ने प्रभारी मंत्री एवं सांसद की अध्यक्षता में जो योजना बनी थी उसमें आंतरिक बाईपास बनाना भी शामिल था इन तीन आंतरिक बाईपास में एक पाली रोड से आने वाले वाहनों को सलापुरा नहर के आगे वार्ड क्रमांक 10 से की बस्ती के बीच से वैकल्पिक बाईपास बनाकर कबीर आश्रम या बंजारा डैम पर निकालना था इसी तरह शिवपुरी रोड से आने वाले वाहनों को बाजार में प्रवेश कराए बिना ईदगाह रोड से किला गेट, भेसपाड़ा, मछली मार्केट होते हुए बंजारा डैम ले जाना शामिल था। इसके अलावा यह स्तंभ से बड़ौदा रोड कबीर आश्रम तक बाईपास निकालकर पाली रोड पर यातायात के दबाव को कम करने की योजना थी इस योजना को आसानी से ओर कम खर्च में अमली जामा पहनाया जा सकता है क्योंकि इसमें अधिक खर्च भी नहीं आना है अधिकतर रोड बने हुए हैं जो नहीं बना था बगवाज पुलिया से किला गेट तक मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत बना भी दिया गया है।

#### ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करना होगा

शहर से यातायात का भार खत्म करने के उद्देश्य से बंजारा डैम के ऊपर ट्रांसपोर्ट नगर के लिए जमीन अधिग्रहित की गई है। उक्त जमीन को शायद प्रशासन अधिग्रहण के बाद भूल गया है कि वहां पर ट्रांसपोर्ट नगर बनाना है। इससे शहर के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह रोका जा सकता है जिससे यातायात व्यवस्था को सुधारने में मजबूती मिलेगी वहीं व्यापारियों को अपना माल आसानी से शहर के बाहर ट्रांसपोर्ट नगर में लाने ले जाने में आसानी होगी।

## 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण, संदेही के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कोतवाली थाना क्षेत्र के मठेपुरा गांव से एक 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों के बीच घर से लापता हो गई। परिवार के लोगों ने किशोरी का अपहरण किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई और एक संदेही व्यक्ति का नाम भी परिजनों ने पुलिस को बताया है। जिसके बाद कोतवाली थाना पुलिस ने संदेही के खिलाफ अपहरण की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम मठेपुरा निवासी 15 वर्षीय किशोरी शनिवार को उस समय घर से लापता हो गई,जब परिवार के लोग मजदूरी करने के लिए सोंईकलां तरफ गए थे। जब वे घर लौटे तो उन्हें किशोरी घर पर नहीं मिली। जिसके परिवार के लोगो ने इसकी शिकायत कोतवाली थाने में पहुंचकर दर्ज कराई और अंदेशा जाहिर करते हुए बताया है कि उनकी बेटी को कराहल का बलवीर बंजारा शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। इस बारे में उन्हें उनके रिश्तेदारों के द्वारा भी बताया गया है। इस कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि इस मामले में अपहरण की धाराओ में केस दर्ज कर संदेही युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## आज से शुरू नहीं होगा जनगणना प्रशिक्षण, कलेक्टर ने बढ़ाई तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक होने वाला जनगणना प्रेरकों के प्रशिक्षण को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है। अब यह प्रशिक्षण 15 अप्रैल से शुरू होगा यह निर्णय कलेक्टर शीला दाहिमा ने उन्हें कर्मचारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद लिया है। जनगणना कार्य में ड्यूटी पर लगाए गए कर्मचारियों को 15 से 17 अप्रैल तक प्रशिक्षण में शामिल रहने के निर्देश दिए गए थे।

इस निर्देश को स्थगित करने के लिए विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने कलेक्टर शीला दाहिमा से मिलकर उन्हें बताया कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म तिथि है और समस्त कर्मचारी उक्त तिथि को मनाते हैं अगर प्रशिक्षण रहा तो संविधान निर्माता के अनुयाई माने जाने वाले कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का मौका नहीं मिलेगा। कलेक्टर ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रशिक्षण को अब आगे बढ़ाकर 15 अप्रैल से शुरू करने के निर्देश दिया है।

## राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा भारतीय शिक्षण मंडलः तांबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




भारतीय शिक्षण मंडल जिला श्योपुर द्वारा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन शासकीय सांदीपनी विद्यालय, श्योपुर में अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मध्य भारत प्रांत के सह मंत्री पियूष तांबे उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में भारतीय शिक्षा पद्धति की मौलिकता और उसके वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय शिक्षण मंडल राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट उपस्थिति में आरके उपाध्याय (पूर्व संयुक्त संचालक, प्रांत प्रतिनिधि एवं शिक्षक शिक्षा गतिविधि प्रभारी) ने शिक्षकों की भूमिका को समाज का आधार स्तंभ बताते हुए शिक्षा में नैतिक मूल्यों के समावेश पर बल दिया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ. विशाल गौतम ने भारतीय शिक्षा प्रणाली की विशेषताओं और आधुनिक संदर्भ में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार रखे। वहीं, प्रमुख वक्ता जितेंद्र शर्मा ने भी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं भारतीय दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओपी शर्मा द्वारा की गई, जिन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आदित्य चौहान (मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, गायत्री परिवार, श्योपुर) ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद सिंह सिकरवार ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। वहीं, कार्यक्रम के निवेदक एवं आयोजक शासकीय सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडलेवाल रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

#### श्योपुर की 1 लाख 7 हजार 720 लाडली बहनों के खाते में पहुंची राशि

श्योपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आष्टा सीहोर में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम के माध्यम से 35वी किस्त के रूप में प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को 1836 करोड़ राशि का अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले की 01 लाख 07 हजार 720 लाडली बहनाओं को उनके बैंक खाते में 1500-1500 रूपये की राशि प्राप्त हुई। श्योपुर की लाडली बहनाओं को माह अप्रैल के लिए कुल 15 करोड 90 लाख 97 हजार 400 रूपये की राशि अंतरित की गई। योजना के तहत श्योपुर जिले में कुल 1 लाख 7 हजार 720 बहनों को लाभ मिला है।

## अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल श्योपुर में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 13 अप्रैल सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने देते हुए बताया है कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में 13 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से जिला चिकित्सालय श्योपुर स्थित ब्लड बैंक सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदानदाताओ का सम्मान भी किया जाएगा।

#### दूसरे दिन भी चला क्वारी नदी में स्वच्छता अभियान



श्योपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विजयपुर में शनिवार से शुरू हुआ जन भागीदारी स्वच्छता अभियान रविवार को भी जारी रहा। विजयपुर एसडीएम अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में नगर परिषद अमले ने रविवार को नावों के सहारे पानी में तैर रहे कचरे को निकालकर बाहर निकाला। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान के तहत विजयपुर प्रशासन ने क्वारी नदी के संरक्षण का बीड़ा उठाया है। हालांकि इस बार प्रकृति की कृपा रहने के चलते क्वारी नदी सूखी नहीं है लेकिन प्रदूषण से ग्रसित जरूर हुई है। इस प्रदूषण से क्वारी नदी को बचाने के लिए प्रशासन ने स्वच्छता अभियान जन भागीदारी के सहयोग से चलाया है इस क्रम में रविवार को भी एसडीएम के नेतृत्व में नावों के माध्यम से नदी में जमा कचरा निकाल कर बाहर फेंका गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा, तहसीलदार, सीएमओ सहित तहसील ओर नगर परिषद का अमला मौजूद रहा।

## टेट परीक्षा की बाध्यता खत्म करने श्योपुर में विधायक को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




केंद्र सरकार द्वारा शिक्षकों को टेट परीक्षा पास करने की बाध्यता के खिलाफ शिक्षकों द्वारा चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में शनिवार को शिक्षकों ने श्योपुर विधायक बाबू जंडेल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिले के अन्य विकासखंड पर भी प्रदर्शन किए गए।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश के समस्त विकास खंडो में टेट परीक्षा के विरोध में ज्ञापन सौपे गए हैं इसी क्रम में श्योपुर ब्लॉक में विधायक बाबू जंडेल को ज्ञापन सौंपते हुए उनसे मांग की गई कि वह इस मनमाने कानून को लागू करने से रोकने के लिए विधानसभा में आवाज बुलंद करें। विजयपुर और कराहल ब्लॉक मे प्रभारी तहसीलदार को ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम सौंपे। कर्मचारी नेता राम चरित रावत ने बताया कि मांगों के समर्थन में शिक्षकों ने रैली निकाली जिसमें हजारों की संख्या में शिक्षक शामिल हुए। ज्ञापन में शासन से मांग की गई है कि टेट परीक्षा को निरस्त करें एवं वरिष्ठता की मांग को भी अति शीघ्र पूरा करें। जिससे प्रदेश के लाखों लाख शिक्षकों को राहत मिलेगी अगर शान द्वारा हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 18 अप्रैल 2026 को प्रदेश के लाखों लाख शिक्षकों के साथ श्योपुर जिले से भी हजारों की संख्या में विरोध दर्ज करने के लिए भोपाल भरेंगे। ज्ञापन देने वालों में रामचरित रावत पदम सिंह मीणा धर्मेंद्र शर्मा धर्मेंद्र सिंह जाट आजाद मोहम्मद रविंद्र सिंह तोमर मीनू सिंह चौधरी जगदीश शर्मा अनंत राम मीणा प्रभु दयाल राजपूत महेंद्र मुद्गल राधेश्याम कोठारी अजय कंसल जनार्दन पाराशर प्रदीप दंडोतिया के नाम शामिल है।

## कल समारोहपूर्वक मनेगी डॉ अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इसकी तैयारी डॉ भीमराव अंबेडकर समर्थित कार्यकर्ताओं ने पूरी कर ली है।

हर साल की तरह साल भी डॉ अंबेडकर का जन्मोत्सव जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा जिसमें डॉ अंबेडकर के सम्मान में विशाल रैली आयोजित की जाएगी। जिला मुख्यालय पर मुख्य आयोजन पाली रोड स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर पार्क में भी कार्यक्रम आयोजित होगा। विजयपुर, कराहल, बड़ौदा, सहित विभिन्न गांवो में भी डॉ अंबेडकर की जयंती समारोह पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके लिए कार्यकर्ता गांवों में भी युद्ध स्तर पर तैयारी कर रहे हैं। अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी मोर्चा (आजाक) भी आयोजन से जुड़ी तैयारी कर रहा है। वह भी हर साल की तरह साल भी जयंती समारोह मनाएंगा। उधर विभिन्न राजनीतिक संगठन कांग्रेस, बीजेपी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी भी डॉ अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर चुकी है।

### जिले के दो तहसील मुख्यालयों पर दमकल गाडियां ही नहीं

# पूरे जिले में सिर्फ 7 दमकल, उनमें भी 2 खराब भड़की आग तो कैसे कर पाएंगे काबू?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



गुजरे सालों के दौरान गर्मी के मौसम में जिले में कई बार आगजनी की बडी घटनाए सामने आ चुकी है। मगर इसके बाद भी जिले में आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। जिले की दो तहसीलों सहित बड़े कस्बों में तो आग बुझाने के कोई इंतजाम ही नहीं है, जिस कारण जिले में यदि कहीं आग भडक जाए तो उस पर शीघ्रता से साथ कैसे काबू पाया जाएगा,इसको लेकर कई तरह के सवाल खडे हो रहे है और जिले के जिम्मेदार आग बुझाने के इंतजामों को बेहतर करने की दिशा में गंभीर नजर नहीं दिख रहे है।

तीन विकासखंडों में बंटे श्योपुर जिले में 516 गांव है। इन गांवों में आग बुझाने का जिम्मा जिले की सिर्फ 05 दमकलों पर है। ये दमकलें श्योपुर नगर पालिका सहित नगर परिषद विजयपुर और बडौदा के पास उपलब्ध है, जो पूरे जिले के लिए पर्याप्त नहीं है। इनमें से नगर पालिका श्योपुर की 4 में से तीन दमकल चालू हालत में है, लेकिन एक दमकल सालों से खराब पडी हुई है। जबकि नगर परिषद बडौदा के पास 02 दमकल गाडी है,लेकिन इनमें से सिर्फ एक चालू है और दूसरी खराब पडी है। उधर नगर परिषद विजयपुर के पास सिर्फ एक दमकल गाडी मौजूद है। लेकिन कराहल और वीरपुर में तहसील मुख्यालय होने के बाद भी दमकल की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इन क्षेत्रों में आगजनी की घटनाएं होने पर श्योपुर और बडौदा व विजयपुर की दमकल बुलानी पड़ती है। साथ ही आसपास के जिलों की मदद भी लेनी पड़ती है। मगर दूरी अधिक होने की वजह से दमकल वाहनों को यहां आने में घंटो लग जाते है। इस स्थिति में आग पर काबू पाना संभव नहीं होता। कई बार ऐसा हो भी चुका है।

#### इन कस्बों में है दमकलों की जरूरत

कराहल और वीरपुर तहसील मुख्यालयों पर जहां दमकल गाडियों की उपलब्धता की जरूरत है। वहीं जिले के राड़ेप, गोरस, प्रेमसर, रघुनाथपुर, श्यामपुर, ढोढर, दांतरदा और सोंईकलां, आदि कस्बों में भी दमकल की सुविधा होनी चाहिए। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इन गांवों की पंचायतें जिले की बड़ी ग्राम पंचायतों में शुमार है, यहां दमकल की सुविधा होने पर आगजनी की घटनाओं पर जल्द काबू पाना संभव हो जाएगा।

#### कई ग्राम पंचायतों में कबाड़ हो गए फायर सेफ्टी टैंकर

सांसद और विधायक निधी के जरिए जिले की ग्राम पंचायतों में फायर सेफ्टी टैंकर उपलब्ध कराए गए। ताकि इनके जरिए ग्राम पंचायते आग लगने पर उसे बझाने के इंतजाम कर सके। लेकिन जिले की अधिकतर ग्राम पंचायतो में मौजूद फायर सेफ्टी टेंकर कबाड हो गए है। स्थिति यह है कि किसी जगह टैंकर फूट गया है तो किसी जगह टैंकर में लगी पानी उठाने की मोटर खराब हो गई है। ऐसे में ग्राम पंचायतो के पास भी आग बुझाने के कोई इंतजाम नहीं है। आगजनी की घटना होने पर उन्हे श्योपुर, बडौदा और विजयपुर से दमकल गाडी बुलाने को मजबूर होना पडता है। लेकिन जब तक ये दमकल गाडियां मौके पर पहुंचती है,तब तक आग अपना तांडव दिखा चुकी होती है।

#### कहां कितनी है दमकल गाडियां

| निकाय | दमकल | चालू | खराब |
|---|---|---|---|
| नपा श्योपुर | 04 | 03 | 01 |
| नगर परिषद बडौदा | 02 | 01 | 01 |
| नगर परिषद विजयपुर | 01 | 01 | 00 |
| कुल | 07 | 05 | 02 |

#### इनका कहना...

जिले में मौजूद आगजनी के सुरक्षा इंतजामों को दिखवाया जाएगा और सुरक्षा इंतजामों को बढाए जाने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

रूपेश उपाध्याय
अपर कलेक्टर,श्योपुर

## सड़क के नीचे उतरी यात्री बस,यात्रियों में मची अफरा तफरी, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर शिवपुरी हाईवे पर रविवार को एक यात्री बस सड़क से नीचे उतर गई। गनीमत यह रही कि बस सड़क से नीचे उतरने के बाद पलटी नहीं। जिससे एक बडा हादसा होने से टल गया। लेकिन बस में सवार यात्रियो में कुछ देर के लिए अफरा तफरी जरूर मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्योपुर से शिवपुरी चलने वाली सिद्धेश्वर बस कंपनी की एक यात्री बस जब रविवार को शिवपुरी से श्योपुर आ रही थी,तभी कूनो नदी पुल से कुछी दूरी पर बस का अचानक संतुलन बिगड गया और बस अनियंत्रित होकर सडक से नीचे उतर गई। लेकिन ईश्वरीय कृपा के चलते बस सडक से नीचे उतरने के बाद पलटने से बच गई। जिससे एक बडा हादसा टल गया। यदि बस पलट जाती तो बडा हादसा होना तय था। इसी डर के चलते बस में सवार यात्री कुछ देर के लिए घबरा गए। इसके बाद यात्रियों ने बस नीचे उतरने के बाद राहत की सांस ली।

इस घटना की सूचना मिलने पर सेसईपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

## खबर संक्षेप

### आराध्या करेगी मप्र की टीम का प्रतिनिधित्व

**बीना।** शहर की बेटी एवं टेबल टेनिस खिलाड़ी आराध्या राजपूत राष्ट्रीय जूनियर एवं यूथ टेबल टेनिस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। यह चैंपियनशिप देहरादून में 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक आयोजित होगी। आराध्या की इस उपलब्धि पर शहरवासियों एवं खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी है।



### रानी कमलापति-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस एक ट्रिप रहेगी निरस्त

**बीना।** बिलासपुर जंक्शन- चांपा जंक्शन रेलखंड पर प्री-नॉनइंटरलॉकिंग/नॉनइंटरलॉकिंग/पोस्ट नॉनइंटरलॉकिंग कार्य करने के लिए अधिसूचित किया गया है। जिसके चलते भोपाल मंडल से प्रारंभ/टर्मिनेट होने वाली रानी कमलापति-संतरगाछी-रानी कमलापति हमसफ़र एक्सप्रेस 01 ट्रिप निरस्त रहेगी। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन रानी कमलापति से 3 जून को निरस्त रहेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन संतरागाछी से 4 जून को निरस्त रहेगी ।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मुंगावली मण्डी के सहायक उप निरीक्षक रवि कुमार पचौरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजवेन्द्र यादव और छोटू यादव ने शासकीय कार्य में बांधा डाली और अश्लील गालियां दी। पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर निवासी दाखाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से शरद अहिरवार, लालू अहिरवार, रामकुमार, अनीताबाई अहिरवार ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर उससे मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## नाला निर्माण के दौरान पाइप लाइन हुई थी क्षतिग्रस्त

# 2 दिन नहीं हुई जल सप्लाई, तीसरे दिन 150 घरों में पहुंचा कीचड़ युक्त पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

राजीव गांधी वार्ड में नाला निर्माण के दौरान जल सप्लाई की लाइन टूट जाने के कारण जहां एक और 2 तक करीब 150 से अधिक घरों में जल सप्लाई नहीं हो सकी तो वहीं तीसरे दिन हुई सप्लाई में नाले की जमा गंदगी की सप्लाई हुई। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी अनुसार वृंदावन धाम कॉलोनी से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी को जोड़ते हुए एक नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा नाला निर्माण का कार्य गुरुवार को शुरू किया था। खुदाई के दौरान जल सप्लाई की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिस कारण शुक्रवार एवं शनिवार को नियमित रूप से होने वाली जल सप्लाई नहीं हो सकी थी। पाइप लाइन के मरम्मत होने के बाद रविवार को सुबह जल सप्लाई की गई। लेकिन जल सप्लाई में बदबूदार पानी की सप्लाई के साथ नाले की गंदगी की सप्लाई हुई।



### 20 मिनट नलों में आती रही कीचड़

रविवार सुबह जैसे ही सुबह पौने 7 बजे जल सप्लाई हुई, कुछ सैंकेड तो साफ पानी आया। उसके बाद गंदगी के साथ बदबू युक्त पानी नलों में आने लगा। करीब 20 मिनट तक पानी की जगह नलों से कीचड़ निकलती रही। उसके बाद गंदा पानी आना शुरू हो गया जो साढ़े 7 बजे तक आता रहा।

### नाले में डाली है पाइप लाइन

वार्डवासियों का कहना है कि घरों में सप्लाई की जाने वाली पाइप लाइन नाले में डाली हुई है। जो क्षतिग्रस्त होने के कारण नाले में भरी गंदगी पाइप लाइन की मदद से छतों पर रखी टंकियों में पहुंच गई। जब इस बात का अहसास हुआ तो जब तक बहुत देर हो चुकी थी। बाद सभी ने अपनी अपनी टंकियों की सफाई की लेकिन लाइट कटौती होने के कारण सुबह से लाइट नहीं होने के कारण टंकियां कई घंटों तक खाली पड़ी रही बाद में भर नहीं सकी तो कई घंटे लोग पानी के लिए और लोग परेशान होते रहे। लाइट आने पर लोगों ने पड़ोस में लगे ट्यूबवेल आदि से टंकियों को भर कर रोजमर्या के काम निपटाए। इस संबंध में जल प्रभारी विवेक सिंह ठाकुर ने बताया कि नाला निर्माण के दौरान ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसका सुधार कार्य किया जा चुका है। रविवार को करीब सौ घरों में जल सप्लाई प्रभावित हुई है।

## नई दरों पर चल रहा विवाद

# हम्माली नहीं बढ़ने पर मंडी में नहीं हुई डाक, किसानों ने किया चक्काजाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

कृषि उपज मंडी में हम्मालों और व्यापारियों के बीच नई दरों को लेकर चल रहे विवाद का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। शनिवार को डाक नीलामी होते नहीं दिखी तो गुस्साए किसानों ने शहर के मुख्य सर्वोदय चौराहा पर चक्का जाम लगा दिया। जिससे आवागमन को लेकर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जानकारी अनुसार स्थानीय कृषि उपज मंडी में शुक्रवार तक हम्मालों की नई दरें नहीं बढ़ने पर शनिवार से हम्मालों ने व्यापारियों के यहां कार्य न करने का निर्णय लिया गया था। हम्मालों की चेतावनी के बाद व्यापारियों ने शुक्रवार की दोपहर 2 बजे से डाक नीलामी बंद कर दी थी। मंडी के अधिकारियों की काफी समझाइश के बाद हम्माल मान गए थे और शुक्रवार की शाम 5 बजे से डाक नीलामी पुनः शुरू हुई, लेकिन पूरी डाक नहीं हो सकी। शेष रह गई डाक शनिवार को होना थी लेकिन हम्मालों ने काम करने से मना कर दिया। फिर गुस्साए किसानों ने सर्वोदय चौराहा पहुंचकर चक्का जाम कर मंडी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सूचना मिलते ही पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइस दी।वहीं चक्का जाम लगते ही चौराहा के चारों तरफ वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर ने एसडीएम रवीश कुमार श्रीवास्तव से फोन पर चर्चा की। एसडीएम ने तत्काल मंडी कार्यालय में पहुंचकर व्यापारियों, हम्मालों, किसानों ओर मंडी प्रशासन के बीच चर्चा हुई। जिसमें शेष रही ट्रैक्टर ट्रॉलियों की नीलामी की चर्चा पर सहमति बनने पर चक्का जाम समाप्त हुआ।

# ट्रैक्टर चालक ने बाइक को टक्कर मारी दो युवक गंभीर घायल, सागर रेफर किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ख़मिलासा रोड स्थित धनोरा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार 2 युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बाइक सवार युवकों को गंभीर हालत में सागर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार माखन पिता नारायण यादव उम्र 22 वर्ष, आशीष सिंह पिता कप्तान सिंह उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी कोरजा बाइक से खिमलासा की ओर से बीना तरफ आ रहे थे तभी धनोरा गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की जानकारी लोगों ने डायल 112 को दी। सूचना लगते ही डायल 112 के आरक्षक दीपेन्द्र, पायलट अजय मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पिलरो को जेसीबी से कमजोर कर 50 साल पुरानी पानी की टंकी तोड़ी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 पास बनी 50 साल पुरानी जर्जर पानी की टंकी को नगर पालिका के द्वारा तुड़वाया गया। 50 साल पुरानी इस टंकी जेसीबी की मदद से तोड़ा गया, जिसने तोड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार करीब 23 मीटर ऊंची इस टंकी को पहले जेसीबी मशीन से तोडने का प्रयास किया गया, लेकिन टंकी नहीं टूटी। इसके बाद टंकी के पिलरों को जेसीबी मशीन से कमजोर कर गिराया गया। इस दौरान आसपास के लोगों को भी सूचना देकर सुरक्षित किया गया। बताया जा रहा है कि यहां शास्त्री वार्ड में बनने वाली अमृत 2.0 योजना के तहत नई टंकी का निर्माण किया जाना है। 8 साल से थी अनुउपयोगी- 50 साल पुरानी ये पानी की टंकी 2 लाख गैलन की क्षमता वाली थी। जिसके पिलर से लेकर ऊपरी हिस्सा जर्जर होने के कारण करीब आठ साल पहले टंकी की सप्लाई बंद कर पास ही बनाई गई नई टंकी से वार्डों में जल सप्लाई शुरू कर दी गई थी। तभी से यह जर्जर टंकी अनुउपयोगी खड़ी हुई थी। इस टंकी के पास उत्कृष्ट विद्यालय का भवन एवं दूसरी और रहवासी क्षेत्र होने के कारण हमेशा खतरा बना रहता था।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती स्मारक पर पुष्प मालाएं अर्पित कर मनाई

**अशोकनगर।** शनिवार को चंदेरी के तहसील प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। वक्ताओं ने बाबा साहब की जीवनी,



सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध उनके संघर्ष और समानता के अधिकारों के लिए किए गए उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक जनपद अध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पुलिस ने 2 किलो गांजा सहित तीन आरोपी गिरफ्तार किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी थाना पुलिस ने 2 किलो गांजा सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से पुलिस ने एक पल्सर बाइक भी बरामद की है। थाना प्रभारी चंदेरी प्रशांत यादव द्वारा उप निरीक्षक कदम सिंह मीणा व पुलिस बल के साथ कू-कू तलैया पर चेकिंग लगवाई तो दो व्यक्ति ब्लैक पल्सर मोटरसाइकिल से राजघाट की तरफ से आ रहे थे जिन्हें पकड़कर पूछा तो मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम अर्जुन पुत्र माताल लोधी निवासी ग्राम तगारी का होना बताया व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम मुकेश पुत्र मथुरा रैकवार निवासी हाटकापुरा चंदेरी का होना बताया। आरोपी के कब्जे से 2 किलो गांजा कीमती करीबन 50,000/ रूपये का जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया जिसमें आरोपीगणों से पूछताछ की गई जिसमें पूछताछ पर आरोपीगण ने गांजा अन्य साथी रामबाबू लोधी पुत्र सरदार लोधी निवासी ग्राम रूहाना थाना सेहराई को लाकर देना बताया।

# टीईटी के विरोध में चंदेरी में मोर्चा ने ज्ञापन दिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रदेश व्यापी अभियान के अंतर्गत अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा टीईटी के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं सयुक्त मोर्चा के सदस्य रघुवीर सिंह राजपूत ने बताया कि आज का ज्ञापन मध्यप्रदेश के 313 ब्लाकों में एक साथ है जो मुख्य रूप से टीईटी परीक्षा को लेकर है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से यह मुद्दा उठाया गया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के बावजूद प्रदेश के नॉन-टीईटी शिक्षकों पर टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता थोपना न्यायसंगत नहीं है।

विभागीय स्तर पर जारी आदेशों के माध्यम से शिक्षकों को ज्ञ्ज उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जाना न्यायालयीन भावना एवं विधिक प्रावधानों के विपरीत है। यह स्थिति न केवल शिक्षकों के अधिकारों का हनन है, बल्कि उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव में भी डाल रही है। मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में रिट अपील दायर करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा से मध्यप्रदेश के करीब 70 हजार एवं देश भर के लगभग 25 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे ,उन्होंने यह भी बताया कि 29 मार्च को भोपाल में प्रदेश के 12 संघों ने मिलकर एक संयुक्त मोर्चा का गठन किया है जिसमें ब्लाक स्तर पर सभी संघों के ब्लाक अध्यक्ष एक जुट होकर यह लड़ाई ब्लाक स्तर पर लड़ रहे है जो संघ सयुक्त मोर्चा में सामिल नहीं है उन्हें भी ब्लाक स्तर पर मोर्चा द्वारा आमंत्रित किया गया है और बो भी ब्लाक स्तर पर मोर्चा का साथ दे रहे है, गुरु जी संघ एवं सयुक्त मोर्चा के सदस्य रूपसिंह बुंदेला ने प्रमुखता से मांग रखी कि टीईटी की अनिवार्यता को तत्काल समाप्त किया जाए। इसमें संयुक्त मोर्चा के साथी आजाद प्रदेश उपाध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव आदि थे।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर शनिवार को रेस्ट हाउस ईसागढ़ में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों की संख्या में एकत्रित समस्त शिक्षकों ने एकजुट होकर विशाल बाइक रैली निकाली जो रेस्ट हाउस से अनुविभागीय कार्यालय पहुंचीं। जहां शिक्षकों ने करीब 700 मीटर से ज्यादा पैदल चल कर मुख्यमंत्री के नाम अपनी लंबित एवं न्यायोचित मांगों के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय जाकर तहसीलदार अरुण गुर्जर को ज्ञापन सौंपा गया। एनसीटीई की 10 अगस्त 2010




की अधिसूचना में स्पष्ट प्रावधान है कि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों एवं विशेष परिस्थितियों में कार्यरत शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान की गई है। प्रयागराज उच्च न्यायालय ने भी यही व्याख्या की है कि पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को इसके दायरे में नहीं लिया जा सकता। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर जारी आदेशों के माध्यम से शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जाना न्यायालयीन भावना एवं विधिक प्रावधानों के विपरीत है। यह स्थिति न केवल शिक्षकों के अधिकारों का हनन है, बल्कि उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव में भी डाल रही है।

**मोर्चा द्वारा यह मांग रखीं गई**

टीईटी की अनिवार्यता को तत्काल समाप्त किया जाए। सरकार संवेदनशील ढंग से उच्चतम न्यायालय में रिव्यू पिटिशन फाईल करे। तथा केन्द्र सरकार से अध्यादेश लाकर इस विसंगति को दूर करे। सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए, जिससे शिक्षकों को पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अन्य वैधानिक लाभ मिल सकें।

### विद्यार्थियों को मोलाडेम नर्सरी का भ्रमण कराया, पेड़ पौधों एवं वन्यजीवों की जानकारी प्रदान की गई

**अशोकनगर।** मुंगावली नगर के टीएव्ही हायर सेकेंडरी स्कूल के लगभग 200 बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने मोला डेम नर्सरी पहुंचकर पेड़-पौधों एवं वन्यजीवों के बारे में विस्तृत रूप से जाना एवं बड़ी ही रोचकता के साथ बच्चों द्वारा गहनता की गई। वहीं वन विभाग के अधिकारी संजय सिंह भदौरिया ने बच्चों के लिए सारी नर्सरी का भ्रमण कराया एवं उनके सवालों का जवाब दिया।

बच्चों को उन्होंने बताया कि आज हमारे जीवन में पेड़ पौधों का कितना महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि हमें पेड़ पौधों से औषधि फल फूल एवं अन्य सामग्री उपलब्ध होती है और विशेष रूप से जीवन दायिनी ऑक्सीजन प्राप्त होती है। साथ ही साथ किस तरह बीज का निर्माण किया जाता है। इसके लिए संजय भदौरिया ने पॉलीहाउस, मिस्ट चैंबर, वर्मी कंपोस्ट तथा आर.ई.टी. प्रजातियों आदि के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सब बच्चों से आग्रह किया कि आप भी अपने आसपास पौधे जरूर लगाए ताकि पर्यावरण में आप सबका विशेष सहयोग हो सके। स्कूल के अध्यक्ष डॉ प्रमोद जैन ने कहा कि हमारे बच्चों के लिए हमें आज सब करके उनको दिखाना होगा कि जिससे कि वह समझ सके की आने वाले टाइम में इन सब चीजों की कितनी उपयोगिता होती है।

## लायंस क्लब की रीजन कॉन्फ्रेंस में अशोकनगर को मिली नई उपलब्धि, दी बधाई

# लायंस क्लब अध्यक्ष सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के रूप में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शिवपुरी में आयोजित लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-ई-1 की भव्य रीजन कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। इस गरिमामयी आयोजन का संचालन रीजन चेयरपर्सन लायन पवन जैन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर बाजपेयी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें अशोकनगर लायंस क्लब के अध्यक्ष अभिजीत जैन को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं ध्वज वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात विभिन्न सत्रों में वक्ताओं द्वारा नेतृत्व विषय पर अपने विचार व्यक्त किए गए। साथ ही बिजनेस एवं लीडरशिप से संबंधित विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर लायंस क्लब अशोकनगर ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली एवं सक्रियता से विशेष पहचान बनाई और कई महत्वपूर्ण पुरस्कार अपने नाम किए।

सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का सम्मान क्लब के अध्यक्ष लायन अभिजीत जैन को "मोस्ट इंस्पायरिंग लायन ऑफ द रीजन" (सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष) के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाज़ा गया। यह सम्मान एम.जे.एफ. लायन राजेश बनवारी की स्मृति में प्रदान किया गया, जो एक सच्चे लीडर, समर्पित लायन एवं सभी के प्रिय मित्र रहे हैं। इस सम्मान को प्राप्त कर लायन अभिजीत जैन ने न केवल अपने उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया, बल्कि अशोकनगर का नाम पूरे रीजन एवं डिस्ट्रिक्ट स्तर पर गौरवान्वित किया। इसके




साथ ही क्लब को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला क्लब, सर्वाधिक गतिविधियाँ संचालित करने वाला क्लब, उत्कृष्ट अध्यक्ष सम्मान, उत्कृष्ट सचिव सम्मान, सर्वश्रेष्ठ समन्वय, उत्कृष्ट सेवा, समर्पित लायन, श्रेष्ठ टीम प्रदर्शन, सामाजिक सेवा उत्कृष्टता, गतिविधि नेतृत्व, विशेष क्षेत्रीय सम्मान, सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट क्रियान्वयन, जनसेवा गौरव, उत्कृष्ट आयोजन प्रबंधन, नवाचार गतिविधि, श्रेष्ठ सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रचार-प्रसार जैसे कुल 18 से अधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए।

क्लब के सचिव लायन विकास रघुवंशी को उत्कृष्ट सचिव सम्मान से सम्मानित किया गया, जबकि लायन गिरीश गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ सचिव हेतु नामांकित किया गया। इसके अतिरिक्त लायन राजकुमार सोनी, लायन हरि सिंह रघुवंशी एवं लायन रंजीत सिंह संधू को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विशेष उपलब्धि के रूप में बैनर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में लायंस क्लब अशोकनगर को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस प्रस्तुति की सभी वरिष्ठ सदस्यों एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम में स्क्रैपबुक, पेपर कटिंग एवं न्यूज़ डिस्प्ले भी आकर्षण का केंद्र रहे, जिसमें अशोकनगर क्लब को सम्मान प्राप्त हुआ। वर्षभर की सक्रिय गतिविधियों पर क्लब को प्रशंसा मिली।

पूर्व में जोन चेयरपर्सन रहे पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया, जिनमें लायन संजय रघुवंशी, लायन मनोज कंसल, लायन डॉ. राजेश कुमार, लायन हरि सिंह रघुवंशी एवं लायन रंजीत सिंह संधू शामिल रहे। सम्मेलन के दौरान वरिष्ठ सदस्यों एवं अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी कार्यकाल के लिए सुझाव भी दिए। विशेष रूप से अध्यक्ष लायन अभिजीत जैन, सचिव लायन विकास रघुवंशी एवं कोषाध्यक्ष लायन गिरीश गुप्ता तथा उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा गया कि उनके नेतृत्व में आज पूरे रीजन, डिस्ट्रिक्ट एवं संभाग में अशोकनगर की विशेष पहचान स्थापित हुई है।